परिवार नियोजन कार्यक्रम अन्तर्गत अभिनव गतिविधियाँ

❖ खुशहाल परिवार दिवस–

नवम्बर 2020 से प्रत्येक माह की 21 तारीख को ''खुशहाल परिवार दिवस'' मनाया जा रहा है। सभी लक्ष्य दम्पत्तियों विशेषकर विगत 01 वर्ष के दौरान नव विवाहित दम्पत्ति, चिन्हित उच्च जोखिम गर्भावस्था वाली महिलायें (एच0आर0पी0) एवं 03 या 03 से अधिक बच्चे वाले योग्य दम्पत्ति तक प्रभावकारी परिवार नियोजन साधनों का परामर्श प्रदान करते हुये परिवार नियोजन की सेवाएं प्रदान की जा रही है।

''खुशहाल परिवार दिवस'' के आयोजन के दिन समुदाय में आशाओं के माध्यम से चिन्हित लक्ष्य दम्पत्तियों को परिवार नियोजन की स्थाई व अस्थाई दोंनो प्रकार की सेवाऐं उपलब्ध करायी जा रही है एवं नवविवाहित दम्पत्तियों को परिवार नियोजन के बास्केट ऑफ च्वाइस साधनों की जानकारी देते हुये शगुन किट भी वितरित की जा रही है। माह जुलाई 2022 तक खुशहाल परिवार दिवस के आयोजन के दौरान कुल 20,48,053 लाभार्थियों को सेवा प्रदान की गयी।

❖ सास बेटा बहु सम्मेलन–

समुदाय मुं उपकेन्द्र स्तर पर आशाओं के माध्यम से पुरूष सहभागिता सुनिश्चित करते हुए सास–बेटा–बहू सम्मेलन आयोजित किये जा रहे हैं, जिसमें बेटे का प्रतिभाग किया जाना आवश्यक है। जिसका उद्देश्य सास–बेटा–बहू के मध्य समन्वय एवं संवाद को उनके पारस्परिक अनुभवों के आधार पर रूचिकर खेलों और गतिविधियों के माध्यम से बेहतर किया जा सकें, जिससे वह प्रजनन स्वास्थ्य के प्रति अपनी अवधारणों, व्यवहार एवं विश्वास में बदलाव ला सके।

Year	Shagun Kit distributed	Saas Beta Bahu Sammelan	
		Sammelan	Total Number of participants
2017-18	68052	43023	1013142
2018-19	357717	82492	2097079
2019-20	290955	43947	733105
2020-21	236153	33611	482798
2021-22	326753	81794	1063322

❖ शगुन किट

नवविवाहित दम्पत्तियों को परिवार नियोजन के बारे में जागरुक करने व गर्भनिरोधक सामग्री उपलब्ध कराने के उद्‌देश्य से शगुन किट का वितरण किया जा रहा है। जिसमें सौन्दर्य प्रसाधन सामग्री, विवाह पंजीकरण प्रपत्र, परिवार नियोजन सम्बन्धी संदेश व गर्भनिरोधक सामग्रियॉ उपलब्ध करायी जा रही है।

❖ मिस्टर स्मार्ट सम्मेलन

प्रदेश के मण्डल मुख्यालय जनपदों के एक–एक ब्लाक के 20 उपकेन्द्र परं आयोजित किये जाने वाले मि0 स्मार्ट सम्मेलन में नवविवाहित जोड़ों के पुरुष साथी और 3 या अधिक बच्चों वाले दम्पत्ति और दो बच्चों के जन्म के बीच अंतर वाले दम्पत्ति को गर्भ निरोधकों के उचित उपयोग के साथ संवेदीकृत किया जाना है। इन सम्मेलनों को ऑडिया–वीडियो विधियों के उपयोग के साथ इंटरैक्टिव मोड में आयोजित किया जाना है। ऐसे दम्पत्ति जिनका विवाह से 2 वर्ष बाद पहला बच्चा हुआ हो, जिनके पहले बच्चे से दूसरे बच्चे में कम से कम 03 वर्ष का अन्तराल हो या दम्पत्ति ने दो बच्चों के बाद स्थायी साधन अपनाया है को प्राथमिकता दिया जाना है। माह जुलाई 2022 में कुल 262 मि0 स्मार्ट सम्मेलन आयोजित किये गये जिसमें कुल 9217 पुरुषों ने भागीदारी किया।